हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार 25 जनवरी 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 धान खरीदी में घोटाले का आरोप लगा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

## खबर संक्षेप

### किसान सेवा समिति की बैठक आज

**सोनहत।** किसान सेवा समिति का गठन शनिवार को 11 बजे पुराने बाजार स्थल में किया जा रहा है। किसान सेवा समिति से जुड़े प्रमुख निर्मल जायसवाल, बंशजीवन, विजय गुरूजी के अलावा विभिन्न ग्राम के किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि आहुत बैठक में किसानों के विभिन्न समस्याओं के निराकरण एवं उनके आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपेक्षित पहल किए जाने संगठित हो मांग को बुलंद करने के के लिए किसान सेवा समिति का आरंभिक गठन किया का रहा है। गठन पश्चात ग्राम पंचायत स्तर पर पहुंच कर एवं हर साप्ताहिक बाजार में पहुंचकर किसानों के सहयोग के लिए पहल किसान समिति स्तर करने सतत प्रयासरत रहेगी।

### एलोपैथिक औषधि की मिलावट, बिक्री पर रोक

**बैकुण्ठपुर।** आयुर्वेदिक औषधि फास्टेक शुगर नाशक चूर्ण में एलोपैथिक दवा की मिलावट पाए जाने के बाद प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। संबंधित औषधि के बैच नंबर 114 की बिक्री पर कोरिया जिले में तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। जानकारी के अनुसार उक्त आयुर्वेदिक दवा का नमूना 17 जनवरी 2025 को तत्कालीन औषधि निरीक्षक सह जिला आयुष अधिकारी रायगढ़ द्वारा जांच के लिए संकलित किया गया था। नमूने की जांच ड्रग्स टेस्टिंग लेबोरेटरी एवं अनुसंधान केन्द्र, रायपुर के शासकीय विश्लेषक द्वारा की गई। इसमें औषधि में एलोपैथिक दवा मेटफॉर्मिन की मिलावट पाई गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर उक्त औषधि को नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी घोषित किया गया है। इसके बाद कोरिया जिले में भी इस औषधि के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन

**बैकुण्ठपुर।** जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा 29 जनवरी को जिला मुख्यालय में किसान हुंकार रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस संबंध में गोंगपा के जिला अध्यक्ष राजा राम जांता ने कलेक्टर को आम सभा रैली को लेकर सूचना दे दी है। मिली जानकारी के अनुसार गोंडवाना गणतंत्र पार्टी कोरिया द्वारा आगामी 29 जनवरी को एक दिवसीय रैली व धरना प्रदर्श एवं आम सभा जिला मुख्यालय में अयोजित की जाएगी। इसके लिए उक्त दिवस गोंगपा के पदाधिकारी के साथ काफी संख्या में किसान सुबह निर्धारित समय पर शहर के प्रेमाबाग क्षेत्र में एकत्र होंगे और रैली निकालकर कुमार चौक पहुंचेंगे। यहां आम सभा आयोजित की जाएगी, इसके बाद अपराम्ह किसानों के विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जानकारी के अनुसार किसानों की प्रमुख मांगों के किसानों से लिया गया हमाली का पसा वापस किया जाए। धान खरीदी केन्द्रों में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई किया जाए, धान खरीदी का अवधि समय-सीमा बढ़ाया जाए, छूटे हुए किसानों का रकबा जोड़ा जाए। पटना में जिला सहकारी बैंक का ब्रांच चालू किया जाए, प्रत्येक गांव में जन समस्या निवारण शिविर लगाया जाए, किसानों का लंबित प्रकरणों को अतिशीध्र निराकरण करने की मांगों को लेकर गोगपा किसान हुंकार रैली जिला मुख्यालय में निकालेगी।



## आमाखेरवा ग्राउंड में होगा जिला स्तरीय आयोजन

# कलेक्टर-एसपी ने फाइनल रिहर्सल का किया निरीक्षण





गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल में उपस्थित कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह व छात्रा वंदना सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले में गणतंत्र दिवस समारोह की भव्य और गरिमामय तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से शनिवार को आमाखेरवा ग्राउंड, मनेन्द्रगढ़ में परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल का व्यापक निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट एवं पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह ने संयुक्त रूप से रिहर्सल का अवलोकन कर कार्यक्रम से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। इस अवसर पर जिले की कक्षा 10 वीं की टॉपर छात्रा वंदना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल में सहभागिता कर कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह ने परेड की सलामी ली तथा परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त कर परेड की तैयारी, अनुशासन और तालमेल का जायजा लिया। रिहर्सल के दौरान विभिन्न परेड टुकड़ियों ने अपने-अपने अभ्यास का प्रदर्शन किया, वहीं स्कूली बच्चों ने गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल पूरे उत्साह, अनुशासन और समर्पण के साथ संपन्न की। बच्चों की प्रस्तुतियों में देशभक्ति की भावना और सांस्कृतिक विविधता की झलक स्पष्ट दिखाई दी। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मुख्य समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था, मंच निर्माण, बैरिकेडिंग, सुरक्षा प्रबंध, सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में जिले में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की ⏭ शेष पेज 4 पर

■ रिर्हसल में 10 वीं की टापर वंदना बनी मुख्य अतिथि

### गणतंत्र दिवस की तैयारी पूर्ण

**सोनहत।** मुख्यालय सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं दूर-दराज के विद्यालयों में गणतंत्र दिवस की तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। मुख्यालय स्तर पर विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर निर्धारित समय पर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागीय अमला पूरे उत्साह के साथ अंतिम तैयारियों में जुटा हुआ है। कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित एवं गरिमामय बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# सोनहत जनपद पंचायत प्रदेश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले की वनांचल क्षेत्र स्थित जनपद पंचायत सोनहत ने मनरेगा के तहत एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सोनहत जनपद पंचायत ने पंजीकृत श्रमिक परिवारों की शत प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह पूरे प्रदेश की पहली जनपद पंचायत बन गई है, जहां मनरेगा के सभी पंजीकृत श्रमिक परिवारों का ई-केवाईसी कार्य पूरा हो चुका है।





■ मनरेगा श्रमिकों की 100 प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण

मनरेगा से बीवीजी रामजी योजना की ओर बढ़ते हुए, योजनाओं में पारदर्शिता लाने और तकनीकी उपयोग को सशक्त करने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके अंतर्गत मनरेगा में पंजीकृत प्रत्येक श्रमिक परिवार के सभी सदस्यों का आधार आधारित ई-केवाईसी किया जा रहा है, जिससे ऑनलाइन पोर्टल पर आधार अनुसार दैनिक उपस्थिति दर्ज की जा सके। कोरिया जिले में लगभग 90 हजार पंजीकृत श्रमिक हैं। इनमें से जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत 23,273 पंजीकृत श्रमिकों के आधार कार्ड उपलब्ध थे।

इन सभी श्रमिकों का ई-केवाईसी कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार प्रदेश की 146 जनपद पंचायतों में ई-केवाईसी अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सोनहत जनपद पंचायत ने सबसे पहले लक्ष्य पूर्ण कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर कार्यक्रम अधिकारी प्रतीक जायसवाल ने बताया कि शत प्रतिशत ई-केवाईसी के लिए पूर्व नियोजित कार्ययोजना बनाकर ग्राम पंचायत स्तर पर लगातार निगरानी की गई।

# कोयला मंत्रालय के अपर सचिव ने किया गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के हसदेव क्षेत्र में स्थित गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क को उस समय विशेष महत्व मिला जब कोयला मंत्रालय भारत सरकार के अपर सचिव हिटलर सिंह हसदेव एरिया की कोल माइंस के निरीक्षण प्रवास के दौरान फॉसिल्स पार्क पहुंचे।

■ फॉसिल्स पार्क के संरक्षण और विकास को मिला समर्थन

पार्क आगमन पर पुरातत्व एवं पर्यटन विभाग के जिला नोडल अधिकारी डॉ. विनोद पांडे ने उनका स्वागत किया। दौरे के दौरान अपर सचिव ने गहरी जिज्ञासा और व्यक्तिगत रुचि के साथ गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क के ऐतिहासिक, वैज्ञानिक और पर्यटन महत्व की जानकारी ली। डॉ. पांडे ने तथ्यात्मक रूप से बताया कि यह पार्क लगभग 29 करोड़ वर्ष पुराने गोंडवाना कालीन समुद्री जीवाश्मों का अनूठा साक्ष्य है, जो न केवल छग बल्कि पूरे देश की भू-वैज्ञानिक विरासत को दशार्ता है। उन्होंने फॉसिल्स पार्क के अंतर्गत विकसित कैक्टस गार्डन और इंटरप्रिटेशन बिल्डिंग का भी भ्रमण कराया, जहां जीवाश्मों से जुड़ी जानकारी को आमजन और शोधार्थियों के लिए सरल एवं आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया है। डॉ. पांडे द्वारा भी अवगत कराया गया कि वर्ष 2015 में पार्क के समग्र विकास के लिए वन विभाग द्वारा लगभग 8 करोड़ ⏭ शेष पेज 4 पर



# कोरिया जिले के सिद्धांत राज्य स्तर पर सम्मानित

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के मेधावी छात्र सिद्धांत सिंह, आत्मज प्रकाश कुमार सिंह को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के कर- कमलों से सम्मानित किया गया। सिद्धांत सिंह आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के विद्यार्थी हैं। उन्होंने छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 में प्रावीण्य सूची में छठवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं अभिभावकों में हर्ष और गर्व का माहौल है।

■ राज्यपाल व सीएम के हाथों सम्मान पाकर छात्र व परिजन गदगद



उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले में विगत दो वर्षों से जिला प्रशासन के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग द्वारा मिशन का सफल संचालन किया जा रहा है, जिसके ⏭ शेष पेज 4 पर

# पुल निर्माण के लिए 5 करोड़ 12 लाख की प्रशासकीय मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

खड़गवां जनपद के ग्राम पंचायत बेलबहरा से ग्राम लालपुर मार्ग पर सुखाड़ नाला पर पुल निर्माण के लिए 5 करोड़ बारह 12 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति लोक निर्माण विभाग द्वारा मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दी गई है।



इस परियोजना से क्षेत्रवासियों को मनेन्द्रगढ़ मुख्यालय की स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा साथ ही खड़गंवां और बैकुंठपुर की दूरी भी घटेगी। पुल निर्माण से क्षेत्र की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसके पूरा होते ही पेंड्रा गौरेला मरवाही जिला नजदीक हो जाएगा, जिससे आवागमन सुगम बनेगा।

वर्तमान में इस मार्ग पर नियमित परिवहन सुविधा नहीं होने के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, लेकिन पुल बनने के बाद बस सेवा शुरू होने की संभावना बढ़ेगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरूण साव को मनेन्द्रगढ़ की समस्त जनता की तरफ से आभार व्यक्त किया है।

### प्रत्येक ग्राम में कल होगा उल्लास मेला

**बैकुण्ठपुर।** 26 जनवरी को संपूर्ण राज्य में उल्लास मेलों का आयोजन किया जाएगा। कोरिया के प्रत्येक ग्राम में भी उल्लास मेला आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन संबंधित ग्राम में संचालित शीर्ष शैक्षणिक संस्था के परिसर में किया जाएगा। उल्लास मेले का उद्देश्य नवसाक्षर एवं सर्वेक्षण के माध्यम से चिन्हित नए साक्षर नागरिकों को साक्षरता के प्रति जागरूक करना तथा उनके द्वारा अर्जित ज्ञान का व्यवहारिक उपयोग सुनिश्चित करना है। मेले में शैक्षणिक गतिविधियों एवं स्टॉलों के माध्यम से पठन-लेखन, गणनात्मक ज्ञान, जीवनोपयोगी कौशल एवं डिजिटल साक्षरता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएगी। मेले के दौरान सायं 5 बजे मेला स्थलों पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा जिला कोरिया को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के लिए संचालित सर्वेक्षण कार्य की औपचारिक घोषणा की जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी के लिए शिक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अभियान क्रियान्वित किया जा रहा है।

## देशभर की टीम पहुंचती है चरचा कॉलरी

# 50 वां शेषन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट 3 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल क्षेत्र में खेल प्रेमियों के लिए एक गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर आने वाला है। अखिल भारतीय 50 वां शेषन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन इस वर्ष स्वर्ण जयंती समारोह के रूप में भव्य स्तर पर किया जा रहा है।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता पिछले 5 दशकों से भारतीय फुटबॉल को नई पहचान देने के साथ-साथ देशभर की उभरती खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करती आ रही है। बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बीएन झा ने जानकारी देते हुए बताया कि 50 वें शेषन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ 3 फरवरी से किया जाएगा। प्रतियोगिता 12 दिनों तक लगातार चलेगी तथा 14 फरवरी वैलेंटाइन डे के अवसर पर फाइनल मुकाबले के साथ इसका भव्य समापन होगा। स्वर्ण जयंती वर्ष को देखते हुए आयोजन को पहले से कहीं अधिक भव्य, आकर्षक और यादगार बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन समिति एवं एसईसीएल प्रबंधन द्वारा मैदान की साज-सज्जा, खिलाड़ियों के ठहरने एवं भोजन की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन तथा दर्शकों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इस अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में छग, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, ओडिशा, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब सहित देश के विभिन्न राज्यों की मजबूत और नामचीन टीमें हिस्सा लेंगी।



निरीक्षण करते महाप्रबंधक बीएन झा।

प्रतियोगिता में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ युवा प्रतिभाएं भी अपने कौशल, रणनीति और खेल भावना का प्रदर्शन करेंगी, जिससे दर्शकों को रोमांचक और उच्च स्तरीय मुकाबले देखने को मिलेंगे। शेषन स्मृति गोल्ड ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप



### नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपा में जश्न का माहौल

**सूरजपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को बधाई देने का सिलसिला जारी है। विगत दिनों दिल्ली में आयोजित भाजपा संगठन पर्व के दौरान छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी, बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रहे नितिन नवीन को पार्टी के सर्वोच्च पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने की खुशी में जिले के निवर्तमान जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल विशेष रूप से राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचे। उन्होंने नितिन नवीन को पुष्पगुच्छ के साथ शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बाबूलाल अग्रवाल ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पार्टी के सर्वोच्च संगठनात्मक पद पर नितिन नवीन का चयन बूथ स्तर से लेकर प्रदेश तक कड़ी मेहनत करने वाले हर एक कार्यकर्ता का सम्मान है। यह साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में संगठन को मजबूती प्रदान करने में नितिन नवीन का योगदान अविस्मरणीय रहा है। उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक दूरदर्शिता और मेहनत से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में भाजपा का आधार और सशक्त होगा। 45 वर्ष की उम्र में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की कमान संभालने वाले नितिन नवीन युवा ऊर्जा, अनुभव और समर्पण का बेहतरीन मिश्रण हैं। जिले के कार्यकर्ता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### मंत्री राजेश अग्रवाल ने मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना



**लखनपुर।** कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने प्रधानमंत्री जर्मन मोबाइल मेडिकल यूनिट एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति लोगों के स्वास्थ्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए इस योजना का शुरुआत किया है। जिससे पिछड़ी जनजाति अनुसूचित जनजाति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सकेगा। इस दौरान विजय अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सुरेश साहू, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. ओपी प्रसाद, जितेश मिश्रा, अमित सिसोदिया, सीडी पटेल सहित मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम मौजूद रहे।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर का हर्षोल्लास से मना वार्षिकोत्सव

**बिश्रामपुर।** नगर के हृदय स्थल में विराजित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का 34 वां वार्षिक उत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बसंत पंचमी के अवसर पर धूमधाम से मनाया गया। बसंत पंचमी पर 23 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सहस्त्रार्चन, पूजन एवं अभिषेक का आयोजन किया गया। इसके पश्चात अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति उपरांत हवन एवं आरती संपन्न हुई, धार्मिक अनुष्ठानों के समापन के बाद दोपहर 1 बजे से अखंड भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया, एक दिन पूर्व 22 जनवरी को अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया था, जिसकी आज पूर्णाहुति बसंत पंचमी को हुई। वार्षिकोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में रंग-रोगन, मरम्मत कार्य कर परिसर को आकर्षक विद्युत झालरों, टेंट एवं पंडाल से सजाया गया है, इसी तरह आरटीआई कालोनी में स्थित श्री श्री दिव्य ज्ञान दायिनी मां सरस्वती मंदिर में चौदहवां वार्षिकोत्सव समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। यहां 19 जनवरी को वेदी पूजन, कलश स्थापना एवं सप्तशती पाठ के साथ कर दी गई है, इसके साथ ही नौ दिनों तक चलने वाले धार्मिक आयोजनों का शुभारंभ हो चुका है। 22 जनवरी गुरुवार को प्रातः 10 बजे से अखण्ड हवन प्रारंभ किया गया। 23 जनवरी शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से मां सरस्वती का सहस्त्रार्चन पूजन कर अखण्ड हवन की पूर्णाहुति प्रातः 10 बजे हुई। जिसके उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आज 24 जनवरी शनिवार को मां के 1008 नामों का संकीर्तन आयोजित होगा, 25 जनवरी रविवार को मां का दीप श्रृंगार किया जाएगा, जिसमें मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाएगा, 26 जनवरी सोमवार को कन्या भोजन एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम का समापन 27 जनवरी मंगलवार को महिला मंडली द्वारा भजन-कीर्तन के साथ किया जाएगा।

## स्वीकृति के 5 माह बाद भी अतिरिक्त प्लेटफार्म का निर्माण शुरू नहीं होने का पूछा कारण

# रेल मण्डल की बैठक में सांसद ने उठाई रेल सुविधाओं के विस्तार की मांगें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रेल मण्डल की बैठक में सांसद चिंतामणि महाराज ने सरगुजा में रेल सुविधाओं के विस्तार संबंधी विभिन्न मुद्दों को प्रमुख्ता से उठाया। विभिन्न मांगों पर रेल महाप्रबंधक के गोलमोल जवाब पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई तथा बैठक के औचित्य पर सवाल उठाया।

**खास बात**
- प्रस्ताव भेजने की बात पर जताई नाराजगी

दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे से जुड़े संसदीय क्षेत्र के सांसदों की बैठक गुरूवार को रेल महाप्रबंधक कार्यालय में हुई। केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने प्रस्तावित नई रेल लाइनों से लेकर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों में यात्री सुविधाओं के विस्तार सहित अन्य मुद्दों को प्रमुखता उठाया। सांसद ने महाप्रबंधक से बैठक के एजेंडा के बारे में पूछा। महाप्रबंधक ने पूर्व में इसकी जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही। सांसद ने पूर्व में हुई बैठक में उठाए गए मुद्दों के क्रियान्वयन के बारे में पूछा तो उनहोंने रेल मंत्रालय को प्रस्ताव भेजने की जानकारी दी। पिछली बैठक में सांसद ने सब्जी उत्पादक किसानों की सुविधा के लिए कमलपुर में ट्रेनों का ठहराव निर्धारित करने की मांग की थी जिसे महाप्रबंधक ने वाणिज्यिक दृष्टि से व्यवहार्य नहीं बताया। चिंतामणि महाराज ने बुजुर्ग एवं बीमार यात्रियों की सुविधा के लिए सूरजपुर एवं बिश्रामपुर स्टेशन में प्लेटफार्म एवं शेड की लम्बाई बढ़ाने की मांग की। महाप्रबंधक ने इसका सर्वे कराने की जानकारी दी। बैठक में उन्होंने अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में स्वीकृत अतिरिक्त प्लेटफार्म का निर्माझा कार्यादेश होने के पांच महीने बाद भी निर्माझा शुरू नहीं होने का कारण पूछा। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि अतिरिक्त स्लेटफार्म निर्माण का कार्यादेश 12 सितम्बर को जारी किया गया है लेकिन अभी तक ठेकेदार को स्थल उपलब्ध नहीं कराया गया है। एक साल में निर्माण पूरा होने का समय निर्धारित है। ऐसे में शेष बचे 7 महीने में निर्माण पूरा होना मुश्किल है। उन्होंने करंजी में गुड्स शेड निर्माण की स्वीकृति मिलने के बावजूद रेलवे द्वारा स्थल उपलब्ध नहीं कराने के कारण निर्माण प्रारंभ नहीं होने का मुद्दा उठाया। महाप्रबंधक ने इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



बैठक में उपस्थित सांसद।

### रायपुर के लिए शुरू हो इंटरसिटी

सांसद चिंतामणि महाराज ने बैठक में रायपुर के लिए दिन में इंटरसिटी चलाने की मांग की। जवाब में महाप्रबंधक ने अम्बिकापुर से अनुपपुर एवं अनुपपुर से रायपुर तक अनेक ट्रेनें संचालित होने का हवाला देकर दूसरी ट्रेन चलाने की जरूरत नहीं होने की बात कही। सांसद ने अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन के फुल होने का हवाला देकर दिन में इंटरसिटी चलाने की मांग की। सांसद ने अम्बिकापुर-नागपुर ट्रेन का परिचालन अम्बिकापुर से करने की मांग की। उन्होंने अम्बिकापुर-दिल्ली ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलाने एवं पूर्व में इसका प्रस्ताव उत्तर रेलवे को भेजने का हवालादेकर कार्रवाई के संबंध में पूछा। सांसद सूरजपुर से बौरीडांड़ तक रेल लाइन दोहरीकरण कराने, रेल मंत्रालय को दूरी से संबंधित गलत जानकारी देने के साथ ही अम्बिकापुर से सूरजपुर लाइन का दोहरीकरण करने का मुद्दा उठाया। महाप्रबंधक ने इस संबंध में शीघ्र प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया। उन्होंने नर्मदा एक्सप्रेस में एलबीएच कोच लगाने की मांग की तथा रेल लाइन विस्तार के संबंध में जानकारी चाही। महाप्रबंधक ने अम्बिकापुर-बरवाडीह एवं अम्बिकापुर-रेनुकूट रेल लाइन विस्तार की प्रोजेक्ट रिपोर्ट रेल मंत्रालय को भेजने की जानकारी दी।

### जताई नाराजगी

सांसद चिंतामणि महाराज के मांगों एवं मुद्दों के जवाब में महाप्रबंधक द्वारा गोलमोल जवाब देने एवं प्रस्ताव भेजने की बात पर उन्होंने जमकर नाराजगी जताई एवं बैठक के औचित्य पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हक जनता के प्रतिनिधि हैं और जनता की मांगों को बैठक में उठाते हैं तो हमें बताएं। मह रेल मंत्री से बात करेंगे। बैठक में उपस्थित अन्य सांसदों ने रेल महाप्रबंधक के जवाब पर गहरी नाराजगी जताई।

### नहीं होती कार्रवाई

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर कार्रवाई नहीं होती। अधिकारी गोलमोल जवाब देते हैं। जनहित के मांगों पर नियम का हवाला देने पर मैंने बैठक में नाराजगी जताई थी।

-चिंतामणि महाराज
सांसद



# प्रभारी सचिव ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के प्रभारी सचिव सीआर प्रसन्ना एवं कलेक्टर ने जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान खरीदी, भंडारण एवं उठाव की स्थिति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- व्यवस्थाओं की ली विस्तृत समीक्षा

प्रभारी सचिव श्री प्रसन्ना ने केशवपुर धान समिति का निरीक्षण करते हुए धान के सुरक्षित भंडारण, धान उठाव, संग्रहण केन्द्रों की स्थिति, बीज निगम से समितियों में प्राप्त खाद-बीज की जानकारी ली। साथ ही अब तक की गई धान खरीदी, बारिश से बचाव हेतु की गई तैयारियों, समितियों के लिए अस्थायी भवन आवंटन, स्थायी भवन स्वीकृति, गोदाम व्यवस्था, किसानों को भुगतान की स्थिति, रकबा समर्पण एवं अवैध धान पर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी समितियों में धान खरीदी कार्य पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से किया जाए तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रभारी सचिव एवं कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र सोनगरा का दौरा किया। यहां टोकन सत्यापन, धान का भौतिक सत्यापन की जानकारी ली गई। उन्होंने किसानों से संवाद कर धान खरीदी के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान धान के नमूनों की जांच कर नमी की मात्रा मापी गई। इस दौरान जानकारी दी गई कि किसानों के यहां धान का भंडारण मौके पर कम पाया गया, उनका रकबा समर्पण कराया गया। इसके अतिरिक्त प्रभारी सचिव श्री प्रसन्ना ने शक्कर कारखाना केरता का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गन्ना उत्पादन की जानकारी लेते हुए शक्कर उत्पादन यूनिट का अवलोकन किया और संचालन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## महीनों से बंद बलरामपुर खदान को शुरू कराने श्रमिक संगठन का आमरण अनशन शुरू

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बलरामपुर एवं कुमदा खदानों को पुनः शुरू कराने की मांग को लेकर एचएमएस संगठन द्वारा किया गए क्रमिक भूख हड़ताल उपरांत आज से आमरण अनशन शुरू कर दी गई है।

क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय बिश्रामपुर के सामने चल रहे चरणबद्ध आंदोलन के तहत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार 23 जनवरी से यहां पर संगठन द्वारा आमरण अनशन शुरू कर दी गई है, जिसमें मुख्य रूप से एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र मिश्रा, सुलेखा मिश्रा सपत्नी आमरण अनशन में बैठ गए हैं, संगठन ने संपूर्ण दायित्व के साथ सहयोग किया है, इस आंदोलन को अन्य श्रमिक संगठन क्रमशः सीटू, इंटक, एटक एवं इस क्षेत्र से कई ग्रामीणों का भी पूरा सहयोग मिल रहा है, आंदोलन को सफल बनाने में मुख्य रूप से परमजीत सिंह, लखन लाल कुर्रे, प्रेमचंद सिंह, अरविंद सिंह, सूर्यबली सुदर्शन, नरेंद्र सिंह चौहान, रमेंद्र सिंह, उमेश सिंह, शिवाकांत मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, सुशील राय, परविंद वर्मा, चंद्रशेखर, मो. जाहिद, फिरन लाल चौहान, रामचंद्र जायसवाल, रामाशंकर, दिलीप सिंह, राम भरोस, चित्र प्रसाद, विजय, शिवनारायण, रामराज, सुखलाल व अन्य सक्रिय हैं। एचएमएस संगठन का कहना है कि बलरामपुर खदान में लगभग 30 लाख टन कोयला मौजूद होने के बावजूद खदान को बंद रखना क्षेत्रहित के खिलाफ है, संगठन का आरोप है कि प्रबंधन की इस नीति से न केवल कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा, बल्कि बिश्रामपुर क्षेत्र की आर्थिक रीढ़ कमजोर हो जाएगी। खदान बंद होने की स्थिति में श्रमिकों की आजीविका पर संकट गहराने की आशंका जताई जा रही है। साथ ही क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ेगी, स्थानीय व्यापार प्रभावित होगा और श्रमिकों को मजबूरी में अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे पारिवारिक व सामाजिक समस्याएं भी उत्पन्न होगी।

## सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की मौत

**सूरजपुर।** गुरुवार को मुख्य बाजार बिश्रामपुर अंबेडकर चौक में हुए हादसे में गंभीर रूप से जख्मी बाइक सवार की दूसरे दिवस रायपुर में इलाज दौरान मौत हो गई है, बताया गया कि गुरुवार को अंबिकापुर से मनेंद्रगढ़ जा रही डॉल्फिन बस सीजी 15 एबी 03560के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार विशाल गुप्ता 35 वर्ष निवासी रेलवे स्टेशन कुंजनगर को अंबेडकर चौक में अपनी चपेट में ले लिया था, घटना में बाइक सवार युवक के सर व कमर पैर में गंभीर चोट के बाद प्राथमिक उपचार बाद उसे चिकित्सकों ने रायपुर रेफर किया था, रायपुर में अस्पताल में भर्ती की प्रक्रिया शुरू ही हुई थी इसी बीच विशाल की सांसे थम गई।परिजन उसके शव को लेकर बिश्रामपुर के लिए निकल गए हैं, हाल ही में लकवा ग्रस्त पिता के बाद मां और फिर विशाल की मौत ने परिवार को झकझोर कर रख दिया है।शव पहुंचने के बाद संभवतः शनिवार को विशाल का अंतिम संस्कार होगा, विशाल अपने पीछे छोटे भाई नीलू गुप्ता, पत्नी, पुत्र को बिलखता छोड़ गए हैं।

# बस स्टैंड में किया गया विशाल हिन्दू सम्मेलन रथ यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

बस स्टैंड में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर विशाल हिन्दू सम्मेलन सह राम रथ यात्रा का आयोजन किया गया।

रथ यात्रा के साथ ढोल बाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए बस स्टैंड से थाना परिसर में विराजमान राम जानकी एवं हनुमान मंदिर में रैली निकाली गई। रैली शीतला मंदिर होकर बस स्टैंड पहुंची जहां राम जानकी एवं हनुमान की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मंदिर अर्चक पुरोहित मध्य भारत चंद्रशेखर वर्मा व जनजाति गौरव समाज के अध्यक्ष इंदर भगत रहे। मुख्य अतिथि के रूप में संघ के प्रांत सह प्रचारक नारायण नामदेव जिला संघचालक मनोज गुप्ता व स्वामी रामानंद सरस्वती के मुख्य आतिथ्य में यह सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैगा समाज कुसमी के राजेश प्रजापति द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत में विभाग कार्यवाह सहदेव भगत ने स्वागत भाषण देकर ग्रामीणों का स्वागत किया।



मुख्यवक्ता इंदर भगत ने जनजाति समाज की ऐतिहासिक आर्थिक ओर सामाजिक योगदान विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने जनजाति समाज के गौरव के सपूत गहिरा गुरु विरसा मुंडा, राजमोहिनी देवी लागुड - बिगुड सहित थीथिर के प्रेषक प्रसंगों को ग्रामीणों के समक्ष रखा। चंद्रशेखर वर्मा ने वर्तमान समय में हिन्दू समाज की एकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा हिन्दू को सिर्फ हिन्दू बनके रहने की जरूरत है न कि जाति और उपजाति में बांटने की। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष का उल्लेख करते हुए स्वयंसेवकों और समाज के उत्तरदायित्व पर भी चर्चा की। कार्यक्रम का सफल संचालन नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल ने किया। विशाल गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हीरामुनि निकुंज, जनपद अध्यक्ष बसंती भगत, उपाध्यक्ष अशोक सोनी, संजय जायसवाल, केदार गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, लक्ष्मण सिंह पैकरा, अमर गुप्ता, शशि टोप्पो, राकेश भारती, रामानंद यादव, रमेश गुप्ता, विकास गुप्ता, संतोष गुप्ता, विजय गुप्ता, राजेश्वर गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

# बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में ज्ञान, विद्या और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित की गई। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने पूरे विधि-विधान से मां सरस्वती की आराधना की।



कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं सरस्वती वंदना से हुई। विद्यार्थियों ने भक्ति गीत, श्लोक पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मां सरस्वती के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि सरस्वती पूजा जैसे आयोजन बच्चों में संस्कार, संस्कृति और शिक्षा के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। पूजा के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी ने सहभागिता की। पूरे वातावरण में भक्ति, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिला। विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान विद्यालय की निदेशक डॉ. प्रिया गुप्ता और डॉ. गौरव अग्रवाल ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के उप निदेशक सूरज मित्तल, उत्कर्ष किरण, कुनाल गोयल और प्रधानाचार्य मनोज कर्माकर तथा विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना के घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे कृषि मंत्री नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शुक्रवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सरगुजा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सड़क दुर्घटना में घायलों से मुलाकात। बता दें कि बीते दिनों छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा पर महुआडांड़ के ओरसा घाट में हुए बस हादसे 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 76 से अधिक लोग घायल हुए। इस घटना में घायल मरीजों से मिलने शुक्रवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने भर्ती 14 पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की तथा उन्हें 5-5 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों से इलाज की स्थिति के बारे में पूछा तथा हर संभव चिकित्सा सहायता और सर्वोत्तम उपचार सुनिश्चित करने अस्पताल अधीक्षक एवं सिविल सर्जन को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल का भी निरीक्षण कर मरीजों हेतु व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का अवलोकन किया। अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि भर्ती सभी मरीजों की स्थिति खतरे से बाहर है। भर्ती मरीज़ों में से 21 मरीजों को सफल उपचार पश्चात छुट्टी कर उन्हें घर भेज दिया गया है एवं 3 मरीजों को उपचार हेतु रायपुर रेफर किया गया है। वर्तमान में कुल 14 मरीजों का इलाज चल रहा है, सभी मरीजों की स्थिति बेहतर है।

- मरीजों का जाना कुशलक्षेम, प्रदान की सहायता राशि



# गायत्री खदान के बाहर दर्जनों बोरी कोयला जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री खदान से कोयला चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं, शुक्रवार की सुबह एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में त्रिपुरा बटालियन की टीम ने कार्रवाई करते हुए खदान के बाहर रखी सौ से अधिक बोरी चोरी का कोयला जब्त किया और उसे पुनः खदान के कोल स्टॉक में सुरक्षित रखवाया।

- त्रिपुरा सशस्त्र बटालियन की कार्रवाई

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोयला चोरी की सूचना पर सुरक्षा टीम जब खदान परिसर पहुंची तो वहां बड़ी संख्या में ग्रामीण खदान के कोल स्टॉक से कोयला उठाकर चारदीवारी के बाहर ले जाते हुए पाए गए। सशस्त्र सुरक्षा बल को देखकर कोयला उठा रहे लोग मौके से इधर-उधर भाग निकले।इसके बाद त्रिपुरा बटालियन की टीम ने खदान कर्मियों को बुलाकर जब्त कोयले को कोल स्टॉक में सुरक्षित रखवाया।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र में कोयला चोरी की गतिविधियां लगातार सामने आ रही हैं, बताया जा रहा है कि बड़ी संख्या में लोग समूह बनाकर खदान क्षेत्र में प्रवेश कर कोयला बाहर ले जाते हैं। वहीं खदान के बाहर कोयले की अवैध खरीद-फरोख्त की भी चर्चाएं हैं, जिसमें बाहरी क्षेत्रों के कथित कोल तस्कर एवं कुछ स्थानीय ईंट भट्ठा संचालकों के नाम सामने आते रहते हैं।



## 52 क्विंटल अवैध धान लोड ट्रैक्टर जब्त, तहसीलदार ने की कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** अपने नाम से टोकन हासिल कर दूसरे के घर रखे धान को उपार्जन केंद्र में खपाने के मामले में मैनपाट तहसीलदार ममता रात्रे ने ग्राम सपनादर निवासी कलेश्वर यादव के घ्ज्ञर से ट्रैक्टर में लोड 52 क्विंटल अवैध धान को जब्त किया है। जब्त धान को कमलेश्वरपुर पुलिस के सुपुर्द किया है। तहसीलदार ममता रात्रे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कलजीवा निवासी स्वयंबरराम आ. बंधन राम ने शुक्रवार को अपने नाम से 132 क्विंटल धान बेचने के लिए टोकन हासिल किया है तथा ग्राम सपनादर में कोचिए द्वारा अवैध रूप से भंडारित धान को खपाने के लिए ट्रैक्टर में लोड करा रहा है। सूचना पर तहसीलदार तत्काल दल बल के साथ ग्राम सपनादर पहुंची तो कलेश्वर यादव के घर के सामने धान लोड ट्रैक्टर खड़ा था। उन्होंने स्थल पर उपस्थित स्वयंबर यादव से पूछताछ की तो उसने टोकन लेने की बात स्वीकार की। स्वयंबर ने अपने नाम से 4.5750 हेक्टेयर रकबा अपने नाम से पंजीकृत कराया था लेकिन जांच में उसके घर में धान नहीं मिला।



# मातृभूमि गाने के टीजर में दिखी गलवां घाटी की झलक

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर काफी पहले रिलीज हो चुका है। शुक्रवार को भाईजान ने अपनी फिल्म के पहले गाने 'मातृभूमि' से जुड़ा एक टीजर साझा किया। सलमान खान ने अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के पहले गाने 'मातृभूमि' का जो टीजर शेयर किया है, उसकी शुरुआत में बैगुल की आवाज सुनाई देती है। आगे गलवां घाटी और भारत का झंड़ा नजर आता है। यह टीजर 15 सेकेंड का है। 'मातृभूमि' गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। समीर अंजान ने इस गाने को लिखा है। अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने इसे गाया है।

## लाइफ Style

# मेधा

## लंदन फाइल्स से कॅरियर की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'बॉर्डर 2' के सिनेमाघरों में रिलीज होते ही अभिनेत्री मेधा राणा सुर्खियों में आ गई थे। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे।

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही थे। इस वॉर ड्रामा फिल्म में नवोदित अभिनेत्री मेधा राणा भी नजर आई थे। मेधा फिल्म में वरुण धवन के अपोजिट नजर आई थे। फिल्म के टीजर के बाद से ही मेधा राणा सुर्खियों में हैं और अब रिलीज के बाद लोग मेधा राणा के बारे में जानना चाहते थे। 'बॉर्डर 2' से सुर्खियां बटोरने वाली मेधा राणा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2022 में आई वेब सीरीज 'लंदन फाइल्स' से की थी। इस सीरीज में उनके साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'फ्राइडे नाइट प्लान' में बाबिल खान के साथ अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा मेधा कई ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी नजर आई थे। अब 'बॉर्डर 2' जैसी बड़ी फिल्म में नजर आने के बाद मेधा के करियर को नई पहचान मिलने की उम्मीद है।25 दिसंबर 1999 को जन्मी मेधा एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं, जिसका सार्वजनिक क्षेत्र से गहरा संबंध था। उनके पिता सुनील राणा सरकारी कर्मचारी थे। उनकी मां ऋतु राणा ने स्किल्स एकेडमी शख्सियत की सह-स्थापना की है और उनकी एक बहन हैं, जिनका नाम प्रियंका राणा है। मेधा ने चंडीगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है।



## हॉलीवुड मसाला




# वन बैटल में दिखा गजब का एक्शन-थ्रिल

**लॉस एंजिल्स।** लियोनार्डो डिकैप्रियो की हॉलीवुड फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' में बस एक पिता का संघर्ष नहीं है, इस कहानी के जरिए अमेरिका के 60 और 80 के दशक को दिखाया गया है। कैसे उस दौर में अमेरिका बदल रहा था, कैसे अन्याय अपने चरम पर था। इस फिल्म में उस दौर की कई सामाजिक बुराइयों को भी दिखाया गया है। पॉल थॉमस एंडरसन निर्देशित इस फिल्म में गजब का एक्शन, थ्रिल देखने को मिला है। फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें कई वास्तविक क्रांतिकारी समूहों से प्रेरणा ली गई है।



# सिनर्स ने बॉक्स ऑफिस पर वसूले थे 3255 करोड़

**लॉस एंजिल्स।** सिनर्स फिल्म पिछले साल नॉर्थ अमेरिका में सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म ने वहां 280 मिलियन डॉलर कमाए, जबकि विदेशों में 88 मिलियन डॉलर की कमाई की। इस तरीके से इस फिल्म का कुल वर्ल्ड वाइड कलेक्शन 368 मिलियन डॉलर (3255 करोड़) पहुंच गया है। जबकि फिल्म का बजट केवल 90–100 मिलियन डॉलर है। भारत में फिल्म की कमाई 12 करोड़ हुई थी। अगर आप ओटीटी प्लेटफार्म पर सिनर्स फिल्म को देखना चाहते हैं, तो आप जियो हॉटस्टार पर इस फिल्म को स्ट्रीम कर सकते हैं। हालांकि, फिल्म हिंदी भाषा में मौजूद नहीं है। लेकिन, सबटाइटल के साथ फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इस फिल्म में माइकल बी. जॉर्डन लीड रोल में हैं।



# काले चश्मे में खूब जचीं करीना...

**मुंबई।** करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई थे। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। इसी बीच करीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है, जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट में कैजुअल लुक में नजर आईं। करीना कपूर खान शुक्रवार को सुबह जब मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो पैपराजी ने जमकर फोटो क्लिक की। इस दौरान ब्लू जींस और रेड स्वेटशर्ट में करीना बेहद स्टाइलिश नजर आईं। इस लुक को करीना ने अपने ब्लैक सनग्लासेस से इनहैंस किया है। करीना के फैंस ने उनके इस लुक पर लाल दिल वाले और फायर इमोजी शेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन हैं बेबो', एक दूसरे फैन ने पूछा, 'कब रिलीज हो रही है आपकी फिल्म 'दायरा।'



# बेटे को वर्दी में देख भावुक हो गए सुनील...

**मुंबई।** साल 1997 में रिलीज हुई 'बॉर्डर' के सीक्वल नें बेटे अहान शेट्टी के काम को देखकर सुनील शेट्टी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। उन्होंने 29 साल पहले जेपी दत्ता की मूवी में काम किया था। लेकिन, उनके किरदार की मौत हो गई थी, जिससे वह इस बार इसका हिस्सा नहीं बन सके। मगर लाडले के लिए उन्होंने भावुक पोस्ट किया है और मन की भावनाओं को खुलकर जाहिर किया है। एक्टर ने लिखा, मेरे बेटे, आज मैं तुमको बताता हूं कि मेरे लिए बॉर्डर एक फिल्म नहीं थी, जिसमें मैंने काम किया। ये एक जिम्मेदारी बन गई थी, जो मैंने कैमरा के बंद होने के बाद भी निभाई। सालों बाद, तुमको वर्दी पहने देखने से ये बात साबित होती है कि ये सिर्फ नॉस्टैल्जिया नहीं है, बल्कि एक रिमाइंडर है। अनुशासन का, बलिदान का, मौन का और साहस का।'

## टीवी मसाला

# एक्टिंग से खुश हूं, लेकिन एक्टर न होता तो आर्किटेक्ट होता : पार्थ

**नई दिल्ली।** कलर्स के शो सहर होने को है से चर्चा में आए अभिनेता पार्थ समथान ने अपने किरदार माहिद और अब तक के कॅरियर पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि माहिद का किरदार काफी अलग है। बचपन में उसके साथ कई दर्दनाक घटनाएं हुई हैं, जिनसे वह आज तक उबर नहीं पाया। मां-बाप से दूर होना पड़ा, इसी वजह से वह प्यार से दूरी बनाए रखता है। माहिद गलत के खिलाफ खड़ा होता है और इंसाफ में विश्वास रखता है, हालांकि उसका तरीका थोड़ा अलग है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें और शो को जो प्यार मिल रहा है, उससे वह बहुत खुश हैं। शो कैसी ये यारियां से चर्चा से आए पार्थ ने करियर को लेकर कहा कि पिछले 10–12 सालों में बहुत कुछ बदला है। उन्होंने सीखा है कि इंसान को कहीं भी हो, सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। इन सालों में उन्होंने अपने काम और किरदारों से बहुत कुछ सीखा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने 12 साल पहले एक्टिंग को करियर के रूप में चुना और उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर एक्टर नहीं होते तो? इस सवाल पर पार्थ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह आर्किटेक्ट होते। हालांकि, उन्होंने मजाक में कहा कि यह पेशा उनके लिए थोड़ा टॉर्चर जैसा होता। कहा- मैं अक्सर मजाक में आर्किटेक्चर को 'आर्किटॉर्चर' कहता था। उन्होंने बताया कि आर्किटेक्चर की पढ़ाई और शुरुआती साल काफी मेहनत भरे होते हैं। इसी वजह से वह अपने फैंस के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने उन्हें बतौर एक्टर इतना प्यार दिया।



## लाफ्टर शेफ्स 3 में हुई नई एंट्री

**नई दिल्ली।** कुंकिग का कॉमेडी शो 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रहा है। इस शो में 7 जोड़ियां यानी 14 कंटेस्टेंट्स हैं, जिनमें से अब 5 कंटेस्टेंट्स आपको 31 जनवरी के एपिसोड में नजर नहीं आएंगे। उन्होंने अपनी किसी न किसी वजह से इस शो को बीच में अलविदा कह दिया है और उसकी जगह सावन ने ले ली है। जिसके बारे में होस्ट भारती सिंह ने बताया है। 'लाफ्टर शेफ्स 3' का फाइनल फेस ऑफ 24 जनवरी और 25 जनवरी को टेलीकास्ट होगा। जिसमें से टीम छूरी या फिर टीम कांटा में से कोई एक जीतेगा और उसे चमचमाती ट्रॉफी मिलेगी। इसके बाद 31 जनवरी को प्रसारित होने वाले एपिसोड में पांच पुराने सदस्यों को नए सदस्य रिप्लेस करेंगे और शो फिर से दिलचस्प हो जाएगा। ईशा मालवीय, ईशा सिंह, देबिना बनर्जी, विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी ने 'लाफ्टर शेफ्स 3' को छोड़ दिया है। अब उनकी जगह सावन यानी सुदेश लहरी, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, अर्जुन बिजलानी और निया शर्मा दिखाई देंगे। एल्विश यादव के पार्टनर अर्जुन बनेंगे और बाकी चारों जोड़ियो में पुराने सीजन की यादें ताजा करेंगे। इनके आने से फैंस भी बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। शो को छोड़ने वाले पांचों कंटेस्टेंट्स की बात करें तो वो सभी उतने मिलनसार नहीं थे, जितने बाकी सब रहे। उन्होंने न तो ज्यादा स्टार्स जीते और न ही दर्शकों का उतना मनोरंजन किया, जिससे उनके जाने से किसी को फर्क पड़े।



# सिनेमाघरों में कपड़े उतार कर नाचे फैंस अजित कुमार को कोल्ड ड्रिंक से नहलाया

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में साउथ के अभिनेता अजित कुमार की एक फिल्म दोबारा रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस जश्न मना रहे थे। साउथ के अभिनेता और रेसर अजित कुमार की बड़ी फैन फॉलोइंग है। फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते थे। ऐसे में अभिनेता की साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'मनकथा' 23 जनवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस ने जबरदस्त उत्साह दिखाया है। फैंस अजित की फिल्म देखकर सिनेमाघरों में डांस करते, सीटी बजाते और चीखते नजर आए। अजित कुमार के फैंस जब सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने पहुंचे तो उन्होंने अजित कुमार के पोस्टर पर दूध और कोल्ड ड्रिंक डाला। कई फैंस थिएटर के अंदर कॉन्फेटी उड़ाते हुए नजर आए। डायरेक्टर अधिक रविचंद्रन, जिन्होंने अजित की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' का निर्देशन किया है, वह एक्टर के मैनेजर सुरेश चंद्र के साथ कमला सिनेमाज गए, ताकि फैंस के साथ 'मनकथा' की री-रिलीज का जश्न मना सकें। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि फैंस स्क्रीन के पास फिल्म के गानों पर नाचते हुए दिख रहे थे। सिर्फ तमिलनाडु में ही नहीं, केरल में भी फैंस को फिल्म की री-रिलीज का जश्न मनाते हुए देखा गया। आपको बता दें कि 'मनकथा' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसे वेंकट प्रभु ने लिखा और इसका निर्देशन किया है। फिल्म की स्टार कास्ट में अजित कुमार, अर्जुन सरजा, तृषा कृष्णन, लक्ष्मी राय, अंजलि और जयप्रकाश थे। इसके गाने आज भी दर्शकों के जेहन में ताजा थे। आखिरी बार अजित कुमार फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 2025 में नजर आए थे। उन्होंने रेसिंग कमिटमेंट्स की वजह से काम से ब्रेक लिया था।

# बॉर्डर 2 का दर्शकों पर चला जादू सनी के अभिनय का दिखा दम



**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। यह साल 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' पर नेटिजन्स के शुरुआती रिएक्शन देखकर साफ है कि इस फिल्म का जादू उन पर चल गया है। दर्शक पुरानी यादों में खो गए थे। कुछ दर्शक इसे 'बॉर्डर' से भी बढ़कर बता रहे थे। दर्शक इसे रोंगटे खड़े कर देने वाली फिल्म बता रहे हैं और लिख रहे हैं कि इसे देखकर आंखें नम हो जाएंगी। सनी देओल के अभिनय का दम दिखा है। एक यूजर ने लिखा है, 'इस फिल्म को परिवार के साथ जरूर देखा जाना चाहिए। यह फिल्म देखते हुए थिएटर मानो किसी स्टेडियम में बदल जाता है। डायलॉग इतने दमदार हैं कि लोग सीटी बजाते हैं और तालियां गूंजती हैं'। फिल्म 'बॉर्डर 2' में सिर्फ सनी देओल ही नहीं, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत ने भी कमाल का काम किया है। एक यूजर ने लिखा है, 'सनी देओल ने पर्दे पर आग लगा दी। वरुण धवन भी सरप्राइज करते थे। उनकी एक्टिंग देखकर ट्रोल करने वालों की बोलती बंद हो जाएगी। फिल्म का क्लाइमैक्स जबर्दस्त है'। यूजर कह रहे हैं कि फिल्म 'बॉर्डर 2', साल 1997 की 'बॉर्डर' को शानदार ट्रिब्यूट है। इमोशंस इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं, बस पहली वाली फिल्म से इसकी तुलना मत करिएगा। वहीं, एक यूजर ने लिखा है कि इस फिल्म में 'बॉर्डर 2' की विरासत को बहुत शानदार तरीके से संभाला गया है। फिल्म की कहानी, सितारों के अभिनय के अलावा फिल्म का संगीत भी दर्शकों को पसंद आया है। 'मिट्टी के बेटे' सॉन्ग दर्शकों को सबसे दमदार लगा है। हालांकि, यह भावुक भी करता है। फिल्म देखकर लौटे दर्शक हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बाहर निकल रहे थे। यूजर्स दावा कर रहे हैं कि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर होगी।

## गुंजन सक्सेना से लेकर नीरजा तक में दिखा नारी शक्ति का साहस

# कई फिल्मों में नजर आया देशभक्ति का जज्बा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं, जिनमें देशभक्ति का जज्बा, अपने देश के लिए बलिदान की कहानी दिखाई गई है। ऐसी कुछ महिला प्रधान फिल्में भी बड़े पर्दे पर देखने को मिली हैं। यह फिल्में दिखाती हैं कि कैसे नारीशक्ति अपने देश के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहती है। यह फिल्में आम महिलाओं को भी प्रेरित करती हैं। देश के लिए बलिदान देने वालों में महिलाएं और पुरुष दोनों ही शामिल रहे हैं। यह देश गणतंत्र बन सका, इसमें भी दोनों की भागीदारी बराबर रही। सिनेमा के पर्दे पर भी ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिसमें नारी शक्ति ने बलिदान, साहस की मिसाल पेश किए। देशभक्ति का जज्बा ऐसी फिल्मों में नजर आया।

### गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल

साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल' में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। इस सपने को पूरा करने में उसे अपने पिता (पंकज त्रिपाठी) का साथ मिलता है। असल गुंजन सक्सेना ने कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। वह कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र में उड़ान भरने वाली पहली महिला एयरफोर्स ऑफिसर थीं। गुंजन 900 से ज्यादा घायल सैनिकों को कारगिल क्षेत्र से निकालने वाले ऑपरेशन का हिस्सा रही थीं।

**तेजस** : साल 2023 में कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने एक इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर तेजस गिल का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका किरदार एक भारतीय जासूस को रेसक्यू करता है। फिल्म 'तेजस' को सर्वेश मेवड़ा ने लिखा और निर्देशित किया था।







### परमाणुः द स्टोरी ऑफ पोखरन

2018 में आई फिल्म 'परमाणु : द स्टोरी ऑफ पोखरन' में डायना पेंटी ने इंटेलीजेंस ब्यूरो की कैप्टन अंबालिका बंद्योपाध्याय नाम का एक फिक्शन किरदार निभाया था। इस फिल्म मे वो एक सख्त इंटेलीजेंस ऑफिसर के रोल में नजर आईं। वह पोखरन में हुए परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाती हैं।

**राजी** : आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'राजी' साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को पसंद आई। फिल्म में आलिया भट्ट ने सहमत नाम की भारतीय जासूस का किरदार निभाया था। यह फिल्म हरिंदर सिक्का की किताब 'कॉलिंग सहमत' पर आधारित थी। सहमत जासूरी मिशन पर पाकिस्तान जाती है। पाकिस्तान के एक आर्मी ऑफिसर फैमिली की बहू बनती है। यहां रहकर वह हिंदुस्तान के लिए जरूरी जानकारी जुटाती हैं। देश तक वह जानकारी पहुंचाती है। यह फिल्म एक महिला के अपने देश के लिए असीम प्यार को दिखती है।

### आर्टिकल 370

*दो साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने एनआईए एजेंट जूनी हक्सर का किरदार निभाया था। यह फिल्म फिल्म सत्य घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है। इस फिल्म के अलावा 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' में भी यामी ने एक भारतीय खुफिया अधिकारी जैस्मिन अल्मेड़ा का किरदार निभाया था। फिल्म में विक्की कौशल लीड रोल में थे लेकिन यामी का किरदार भी काफी अहम था।*

### नीरजा भनोट

*2016 में रिलीज हुई फिल्म 'नीरजा' में सोनम कपूर ने लीड रोल निभाया था। राम माधवानी निर्देशित इस फिल्म की कहानी एयर होस्टेस नीरजा भनोट की पर थी। नीरजा ने 1986 में हाईजैक हुए प्लेन में फंसे यात्रियों की जान बचाई। इस प्लेन में मौजूद 379 लोगों में से 359 बच गए थे। लेकिन आतंकवादियों का सामना करते हुए नीरजा ने अपनी जान गंवा दी थीं।*



## खबर संक्षेप

### सेजेस महलपारा में निकली जागरूकता रैली



**बैकुण्ठपुर।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को सेजेस महलपारा बैकुंठपुर में विशाल जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व प्राचार्य राजीव जायसवाल एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक शेषमणी मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए संपन्न हुई। कार्यक्रम में शिक्षकगण शशिभूषण पाण्डेय, शिवप्रताप सिंह, टिकेश्वर साहू, वीरेन्द्र जायसवाल, सुरेन्द्र राजवाड़े, रिंकी श्रीवास्तव, मंजू कुमार, प्रीति खाखा, शालू अग्रवाल, नेहा, अर्पित खाखा, रंभा सहित समस्त स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### बालिका दिवस पर विविध कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** बालिका दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल, बैकुंठपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य बालिकाओं के अधिकार, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली एवं पोस्टर (चित्रकला) जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, इनमें छात्राओं ने बालिका सशक्तिकरण, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, बालिकाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। राजवाड़े इंस्टीट्यूटऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने इन विषयों को बेहद प्रभावशाली और संवेदनशील ढंग से प्रस्तुत कर सभी का ध्यानाकर्षित किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने यह संदेश दिया कि बालिकाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और उन्हें उचित अवसर एवं सहयोग मिले तो वे समाज और राष्ट के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

### विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी (साइंस एंड आर्ट एक्सहिबिशन) का सफल आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा 3 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रोजेक्ट्स कक्षा स्तर के अनुसार अत्यंत आकर्षक, रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक रहे। प्रदर्शनी में कुल 45 से अधिक विज्ञान एवं कला आधारित प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। इनमें विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार और कला कौशल की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता एवं नवाचार को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी एमसीबी के अध्यक्ष शैलेश जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एमसीबी डॉ. अविनाश खरे, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अल्मा ज्योति, लायंस क्लब के अध्यक्ष कृष्णकांत ताम्रकार, लायंस क्लब के सचिव नीरज अग्रवाल, क्लब प्राइड की सचिव श्रीमती प्रियंका अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी पी मिरे , जिला परियोजना समन्वयक सूर्योदय सिंह, सेजेस पोंड़ी के प्राचार्य शुभम अग्रवाल, कौशल अरोड़ा, पारस मणि एवं विद्यालय के प्राचार्य विशेष रूप से

---

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने समिति प्रबंधक को चूहा पकड़ने की जाली भेंट

# धान खरीदी में घोटाले का आरोप लगा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



प्रदेशव्यापी धान खरीदी घोटाले के विरोध में शुक्रवार को चैनपुर धान खरीदी केन्द्र में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा एक अनोखा और प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने समिति प्रबंधक को चूहा पकड़ने की जाली भेंट कर यह संदेश दिया कि यदि वास्तव में धान चूहों से खराब हो रहा है तो पहले चूहों को पकड़ा जाए, न कि चूहों के नाम पर किसानों की मेहनत की कमाई लूटी जाए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर के अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत कर धान उपजाता है, लेकिन खरीदी केन्द्रों में चूहों के नाम पर भ्रष्टाचार कर किसानों के धान को खाया जा रहा है। किसानों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। युवा कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह ने कहा कि यह प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि भाजपा सरकार के संरक्षण में चल रहा सीधा भ्रष्टाचार है। कांग्रेस किसानों के सम्मान और अधिकारों की इस लड़ाई को किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं पड़ने देगी। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां पूरी तरह किसान विरोधी हैं। धान खरीदी में हो रही अनियमितताएं यह साबित करती हैं कि सरकार किसानों के प्रति पूरी तरह संवेदनहीन हो चुकी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार केसरवानी ने कहा कि पूरे प्रदेश में एक जैसी गड़बड़ियां सामने आना यह दशार्ता है कि यह योजनाबद्ध घोटाला है, जिसमें असली दोषियों को बचाने के लिए चूहों को बदनाम किया जा रहा है। पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी ने कहा कि धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता पूरी तरह खत्म हो चुकी है। किसानों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। नेता प्रतिपक्ष अनिल प्रजापति ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि धान खरीदी में हो रहे भ्रष्टाचार पर तत्काल रोक नहीं लगी और किसानों को उनका पूरा भुगतान नहीं मिला, तो कांग्रेस इस आंदोलन को और अधिक व्यापक एवं उग्र रूप देगी। जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस रूमा चटर्जी ने कहा कि किसानों के साथ हो रहे इस अन्याय से उनके परिवारों की महिलाएं भी प्रभावित हो रही हैं। कांग्रेस किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और यह संघर्ष लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि गोपाल गुप्ता, जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस अमोल सिंह, मंडलम अध्यक्ष अमीर सिंह श्याम, दीपक श्रीवास्तव, अभय बड़ा, पार्षद अजय जायसवाल, स्वप्निल सिन्हा, रंजन शर्मा, अनिल केरकेट्टा, स्नेहिल शुक्ला, नाहर सिंह, पूनम सिंह, गीतिका चंदेल, मोहानी महतों, ममता रजक, शिवम सिंह, मोती सिंह, सहित काफी संख्या में किसान, कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# छात्रों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

हिन्द विद्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी।

सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जिला प्रशासन द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे के निर्देश, उप पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में चरचा थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डेय द्वारा हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा 8 वीं से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा सुरक्षित तरीके से सड़क पार करने के बारे में विस्तार से समझाया गया। इसके साथ ही विशेष रूप से बालिकाओं को गुड टच एवं बैड टच के विषय में जानकारी दी गई और उन्हें सतर्क रहने के लिए जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि किसी भी प्रकार की असहज या संदिग्ध स्थिति में तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक अथवा पुलिस को सूचना देना चाहिए। थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डेय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। यदि छात्र जीवन से ही यातायात नियमों का पालन किया जाए तो भविष्य में दुर्घटनाओं में काफी कमी लाई जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम द्वारा विद्यार्थियों को यातायात संकेतों की पहचान, जेब्रा क्रॉसिंग का महत्व तथा नाबालिगों को वाहन न चलाने की अनिवार्यता के बारे में उदाहरण सहित जानकारी दी गई।

# निःशुल्क स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं शैक्षणिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



सरस्वती बाल विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनपुर शिव प्रसाद नगर सूरजपुर में शनिवार को विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। उपस्थित चिकित्सक जनरल फिजिशियन पटना डॉ. रितेश कुशवाहा, दंत रोग विशेषज्ञ बैकुंठपुर,डॉ. ज्योति गोस्वामी, त्वचा रोग विशेषज्ञ बैकुंठपुर डॉ. निलेश एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजीत गोस्वामी बैकुंठपुर शामिल रहे। चिकित्सकों द्वारा सामान्य स्वास्थ्य, दंत एवं त्वचा रोग से संबंधित जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। विद्यार्थियों को पढ़ाई से संबंधित उपयोगी जानकारी भी दी गई। बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी ने विद्यार्थियों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। विद्यालय के हिंदी माध्यम के प्राचार्य अमितेश कुमार नामदेव एवं अंग्रेजी माध्यम के प्राचार्य प्रमितेश नामदेव द्वारा शिविर में पधारे सभी चिकित्सकों, अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## पेड़ से गिरने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। पेड़ पर चढ़कर पकरी तोड़ रहा ग्रामीण पैर फिसल जाने से नीचे गिर गया। परिजन ग्रामीण को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पेड़ पर चढ़कर पकरी तोड़ रहा था। इसी दौरान पैर फिसल जाने से नीचे गिर गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन ग्रामीण को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी।



नगर क्षेत्र स्थित सुभाष नगर चौक में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका शिवपुर चरचा के नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, युवा वर्ग एवं स्थानीय नागरिक काफी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली, पार्षद प्रदीप तिवारी, रामकली पाल, मंडल उपाध्यक्ष आदित्य जायसवाल, मंडल महामंत्री सचिन मलिक, पूर्व एल्डरमैन बर्दी प्रसाद, कमलेश कुमार, नितेश यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं आम नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान जय हिंद एवं देशभक्ति नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। वक्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के देश की आजादी में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन साहस, त्याग और राष्टभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से नेताजी के आदर्शों को अपनाकर राष्ट सेवा में आगे आने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि भारत के स्वाभिमान और आत्मसम्मान के प्रतीक थे। नपा उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन देशभक्ति, त्याग और साहस की अनुपम मिसाल है।

# शेड निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 19 जूनापारा में लाखों की लागत से निर्मित शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 19 में नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा अधोसंरचना मद से 11 दशमलव 25 लाख रूपए की लागत से देवल्ला के पास शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण नपाध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे द्वारा किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा उपाध्यक्ष आशीष यादव एवं वार्ड पार्षद श्रीमती रीमा जायसवाल ने की। नवनिर्मित शेड का लोकार्पण विधिवत पूजन अर्चना कर किया गया। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, वार्ड क्रमाक 19 पार्षद श्रीमती रीमा जायसवाल, पार्षद अनिल खटीक, अनिल शर्मा, अरविंद सिंह, महेन्द्र वेद, सुरेन्द्र चक्रधारी, अवधेश सिंह, सीएमओ संजय दुबे, विजेन्द्र जायसवाल, उप अभियंता अनामिका एक्का, रजनीश गुप्ता, रिचेश सिंह, अभय दुबे, समीर जायसवाल, किशोरी गुप्ता,अवधेश यादव, चुन्नु कश्यप,अजय ठाकुर,अनुराग ,शिशिर जायसवाल, अमित , सजल जायसवाल, सेवकराम , संजू, राजेन्द्र , सुदामा , मोहेलाल राजवाड़े ,सोभनाथ , विष्णु , हरदयाल सारथी, ललन , भोले , राकेश , गुड्डा कश्यप, राजेश, राजू जायसवाल सहित काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।



# कन्या महाविद्यालय में सरस्वती पूजा



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 23 जनवरी को प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशन में महाविद्यालय प्रांगण में सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर हिन्दी विभाग द्वारा महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती भी श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों में छात्राओं सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत साज-सज्जा के साथ हुई। महाविद्यालय प्रांगण में मॉ सरस्वती की प्रतिमा स्थापना की गई, वहीं हिन्दी विभाग में मां सरस्वती एवं निराला जी के छायाचित्र सजाए गए। प्रांगण स्थित मंच पर डॉ. रिचा श्रीवास्तव एवं श्रीमती प्रतिभा उपाध्याय द्वारा विधि-विधान से प्रतिमा का अनावरण, हवन एवं आरती संपन्न कराई गई।

पूजा-अर्चना पंडित आनंद शुक्ला द्वारा विधिवत कराई गई। माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापना एवं प्रसाद वितरण व्यवस्था में श्री रितेश गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, बिक्की राम, विनय गुप्ता, सुश्री रिचा चेलकर एवं चंदन सिंह पटेल का विशेष योगदान रहा। इसी दौरान हिन्दी विभाग में आयोजित निराला जयंती कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आरएन कच्छप ने निराला जी एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात श्रीमती कनकलता पैकरा एवं डॉ. ज्ञानचंद्र पाल ने निराला जी के जीवन, व्यक्तित्व एवं साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला। एमए चतुर्थ सेमेस्टर हिन्दी की छात्रा अन्नु द्वारा निराला जी की कविता का पाठ किया गया तथा वरदे वीणा वादिनी वरदे का सस्वर वाचन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के पश्चात छात्राओं एवं स्टाफ ने एक साथ प्रसाद ग्रहण किया।

# युवकों ने मचाया उत्पात, शहर के बीच भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में की स्टंटबाजी



**अंबिकापुर।** एक तरफ सरगुजा पुलिस यातायात सड़क सुरक्षा माह मना रही है तो वहीं दूसरी ओर लोग खुले आम यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए उत्पात मचा रहे है। ऐसा ही कुछ मामला शुक्रवार को सामने आया है। शहर में युवकों ने शहर में कार रैली निकालकर जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान रैली में कार में स्टंट बाजी की जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उत्पाती युवकों की इस हरकत से सड़क सुरक्षा माह अभियान भी सवालों के घेरे में है वहीं शहर में पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए जा रहे है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को शहर में युवकों द्वारा दर्जनभर कारों से शहर में रैली निकाली गई। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान कार रैली में युवकों ने जमकर स्टंट बाजी और हुटिंग की। इस घटना का वीडियो लोगों ने बना लिया। वायरल वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि रिंग रोड से होते हुए चौपाटी की तरफ जा रहे युवक कार के गेट पर लटके हुए है। इस दौरान आम लोग भी सड़क पर चल रहे है। बड़ी बात यह है कि वर्तमान में सड़क सुरक्षा माह चल रहा है और शहर के चौक चौराहों पर पुलिस टीम तैनात है लेकिन इसके बाद भी स्टंट बाजी जारी रही। वहीं शहर में बुलेट सवार युवकों का आतंक भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि वाहनों की पहचान कराई जा रही है और जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कलेक्टर-एसपी ने...

बोर्ड परीक्षाओं में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस में विशेष अतिथि के रूप में किया जाएगा। इस पहल से मेधावी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा तथा अन्य छात्र-छात्राओं को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलेगी। गौरतलब है कि गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे आमाखेरवा ग्राउंड, मनेंद्रगढ़ में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर रायगढ़ सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में राष्टीय ध्वज फहराएंगे। परेड की सलामी के उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों एवं समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### कोयला मंत्रालय के...

रूपए का प्रस्ताव तैयार किया गया था। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा पुरातत्व संग्रहालय के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए फॉसिल्स पार्क परिसर या समीप एक समर्पित पुरातत्व संग्रहालय के निर्माण की आवश्यकता और महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि संग्रहालय के निर्माण से क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने के साथ-साथ पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। इस पर अपर सचिव ने विरासत संरक्षण से जुड़े प्रयासों की सराहना करते हुए यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया तथा कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर भेजने की बात कही, ताकि आगे की प्रक्रिया को गति दी जा सके।

### कोरिया जिले के...

सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। वर्ष 2025 में कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा, जिससे जिले को राज्य में चौथा स्थान, वहीं कक्षा 12 वीं में 93 प्रतिशत परिणाम के साथ राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। मिशन के प्रभाव से जिले में शिक्षा का स्तर निरंतर बेहतर हो रहा है। वर्तमान सत्र में भी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सिद्धांत सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं व्यवस्थापक रामकिंकर पाण्डेय, प्राचार्या श्रीमती सरस्वती तिवारी, प्रधानाचार्य अम्बरीश प्रसाद शुक्ल, कक्षाचार्य बसंत कुमार श्रीवास सहित समस्त विद्यालय परिवार इस उपलब्धि से गौरवान्वित है।

### 50 वां शेषन स्मृति...

कप केवल एक फुटबॉल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह खेल संस्कृति, अनुशासन, भाईचारे और राष्टीय एकता का प्रतीक बन चुका है। इस टूर्नामेंट से अब तक कई खिलाड़ी राष्टीय एवं अंतरराष्टीय स्तर तक अपनी पहचान बना चुके हैं। स्वर्ण जयंती संस्करण स्थानीय खिलाड़ियों एवं युवाओं के लिए विशेष प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों, युवाओं और फुटबॉल समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। यह आयोजन एक बार फिर चरचा कॉलरी को राष्टीय खेल मानचित्र पर विशेष पहचान दिलाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमें वैदेश 11 गोवा, बनारस हीरोज, एसबीएसटीसी दुर्गापुर, सिरसा खड़गपुर, एमईजी बेंगलुरू, एमकेएफए बक्सर, कोवलम केरल, संबलश्वरी 11 संबलपुर, आरटी बॉयज हैदराबाद, अहीर स्पोर्ट्स क्लब नीमच, चेन्नई कस्टम शामिल रहेगी।







